NT>

Title: Regarding reported loss of lives and property due to fire in Rakchham village in Kinnaur District of Himachal Pradesh.

श्री महेश्वर सिंह (मंडी) : उपाध्यक्ष महोदय, 17 नवम्बर की अर्द्धरात्रि को मेरे संसदीय क्षेत्र के सीमावर्ती जिला किन्नौर, जो एक जनजातीय क्षेत्र है, हजारों मीटर की बुलन्दी पर स्थित गांव रकछम में भीाण अग्निकांड से 135 जनजातीय परिवार बेघर हो गए। मुख्यमंत्री के साथ 22 नवम्बर को इस गांव में गया था। ये लोग केवल अपनी जान बचा सके। वहां सारे के सार अन्न भंडार जल गए और पशुधन को बहुत भारी क्षति पहुंची। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इससे 6 करोड़ 31 लाख 52 हजार 100 रुपए की क्षति हुई है। वहां किसी वक्त भी बर्फ पड़ सकती है जिससे इन लोगों की जान को बहुत खतरा है। प्रधान मंत्री महोदय और विशे कर जनजातीय कार्य मंत्री से आग्रह करना चाहूंगा कि वह इन्हें संरक्षण देने के लिए कोई व्यवस्था करें। ये लोग जल्दी अपने घर नहीं बना पाएंगे और हिमाचल सरकार अपने सीमित साधनों से 35 हजार रुपए प्रति परिवार से अधिक नहीं दे सकती है। अतः इनके लिए सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए ताकि आने वाली बर्फ पड़ने से पहले वहां के बूढ़े और बच्चे सामुदायिक भवन में अपनी जान बचा सकें। उन्हें आने वाले समय में उदारता के साथ विशे ग्रान्ट दी जाए ताकि जनजातीय और सीमावर्ती क्षेत्र के लोग अपने जान-माल की रक्षा कर सकें।